कार्यालयः सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)।

पत्रांक : उ0वि0शि0प0/यू0टी0ई0टी0 2018 –विज्ञप्ति/470–73/2018–19 दिनांक 01 दिसम्बर 2018।

उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय (UTET I & II) 2018
परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रवेश–पत्र संबंधी सूचना

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) के विज्ञापन संख्या : उ0वि0शि0प0/यू0टी0ई0टी0–विज्ञप्ति/02/2018–19 दिनांक 30 अगस्त 2018 के क्रम में समस्त आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि **उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय (UTET-I & II) 2018 की परीक्षा 29 परीक्षा शहरों में बने 165 परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 14 दिसम्बर 2018 को आयोजित की जाएगी।** यू0टी0ई0टी0 प्रथम की परीक्षा प्रातः 10:00 से 12:30 बजे तक तथा यू0टी0ई0टी0 द्वितीय की परीक्षा अपराह्न 02:00 से 04:30 बजे तक सम्पन्न होगी। परिषद की विज्ञप्ति संख्या : उ0वि0शि0प0/यू0टी0ई0टी0–विज्ञप्ति/387–90/2018–19 दिनांक 02 नवम्बर 2018 के क्रम में प्राप्त प्रत्यावेदनों के निस्तारणोपरांत समस्त अर्ह अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र परिषद् की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** के **DEPARTMENTAL EXAM/UTET** ऑइकॉन पर अपलोड किए जा चुके है। **अभ्यर्थी अपना आवेदन–पत्र (OMR) क्रमांक अथवा नाम व जन्मतिथि** (जैसा आवेदन–पत्र में अंकित किया गया है) **भर कर अपना प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर सकेगे।**

यदि किसी अभ्यर्थी का परीक्षा प्रवेश–पत्र डाउनलोड नहीं हो पा रहा हो और उसका नाम निरस्त आवेदकों की सूची में अंकित न हो और वह परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु समय–समय पर जारी शासनादेश एवं विवरणिका में अंकित अर्हताएं पूर्ण करता हो तो वह **दिनांक 11 से 13 दिसम्बर 2018 को कार्यालय समय में अपने द्वारा परीक्षा हेतु चयनित प्रथम परीक्षा शहर में बने नोडल परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होकर अपना प्रवेशपत्र प्राप्त कर सकते हैं।** इस हेतु **अभ्यर्थी आवेदन पत्र में चस्पा की गयी दो समान पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की छाया प्रति, आवेदन पत्र/ओ0एम0आर0 आवेदन की छायाप्रति, आवेदन पत्र प्रेषित किए जाने की रजिस्ट्री/स्पीड पोस्ट की रसीद प्रस्तुत करेंगे।** परीक्षा शहरवार नोडल परीक्षा केन्द्रों की सूची एवं अंतिम रूप से **निरस्त किए गए आवेदकों की सूची भी परिषद्** की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** के **DEPARTMENTAL EXAM/UTET** ऑइकॉन पर उपलब्ध है।

भवदीय

(डॉ0 नीता तिवारी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर नैनीताल।

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर (नैनीताल)
उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम/द्वितीय–2018
परीक्षा शहरवार नोडल परीक्षा केन्द्रों की सूची

क्र0सं0	जनपद का नाम	परीक्षा शहर का नाम	परीक्षा शहर कोड	केन्द्र संख्या	विद्यालय का नाम
1	हरिद्वार	हरिद्वार	01	01	डा0 हरिराम आर्य इ0का0 मायापुर, हरिद्वार (नोडल केन्द्र)
2		रुड़की	02	01	रा0इ0का0 रुड़की, हरिद्वार (नोडल केन्द्र)
3	देहरादून	देहरादून	03	01	श्री गुरू रामराय इ0का0 नेहरूग्राम देहरादून (नोडल केन्द्र)
4		ऋषिकेश	04	01	श्री भरत मन्दिर इ0का0 ऋषिकेश, देहादून (नोडल केन्द्र)
5	उत्तरकाशी	उत्तरकाशी	05	01	रा0इ0का0 उत्तरकाशी (नोडल केन्द्र)
6		बड़कोट	06	01	रा0इ0का0 बड़कोट, उत्तरकाशी (नोडल केन्द्र)
7	टिहरी गढ़वाल	नई टिहरी	07	01	रा0प्र0इ0का0, बौराड़ी (नई टिहरी), टि0ग0 (नोडल केन्द्र)
8		नरेन्द्र नगर	08	01	रा0इ0का0 नरेन्द्रनगर, टि0ग0 (नोडल केन्द्र)
9	पौड़ी गढ़वाल	पौड़ी	09	01	रा0इ0का0 पौड़ी नगर (नोडल केन्द्र)
10		श्रीनगर	10	01	रा0क0इ0का0 श्रीनगर, पौ0ग0 (नोडल केन्द्र)
11		कोटद्वार	11	01	रा0इ0का0 कोटद्वार, पौ0ग0 (नोडल केन्द्र)
12	चमोली	गोपेश्वर	12	01	रा0इ0का0 गोपेश्वर, चमोली (नोडल केन्द्र)
13		कर्णप्रयाग	13	01	रा0इ0का0 कर्णप्रयाग, चमोली (नोडल केन्द्र)
14	रूद्रप्रयाग	रूद्रप्रयाग	14	01	रा0इ0का0 रूद्रप्रयाग (नोडल केन्द्र)
15		अगस्त्यमुनि	15	01	रा0इ0का0 अगस्त्यमुनि, रूद्रप्रयाग (नोडल केन्द्र)
16	पिथौरागढ़	पिथौरागढ़	16	01	एस0डी0एस0 रा0इ0का0 पिथौरागढ़ (नोडल केन्द्र)
17		बेरीनाग	17	01	रा0इ0का0 बेरीनाग, पिथौरागढ़ (नोडल केन्द्र)
18		डीडीहाट	18	01	रा0इ0का0 डीडीहाट, पिथौरागढ़ (नोडल केन्द्र)
19	चम्पावत	चम्पावत	19	01	रा0इ0का0 चम्पावत (नोडल केन्द्र)
20		टनकपुर	20	01	रा0इ0का0 टनकपुर (नोडल केन्द्र)
21	अल्मोड़ा	अल्मोड़ा	21	01	रा0बा0इ0का0 अल्मोड़ा (नोडल केन्द्र)
22		रानीखेत	22	01	मिशन इ0का0 रानीखेत (नोडल केन्द्र)
23	बागेश्वर	बागेश्वर	23	01	वि0एम0जोशी स्मा0रा0इ0का0 बागेश्वर (नोडल केन्द्र)
24		गरूड़	24	01	रा0इ0का0 गरूड़, बागेश्वर (नोडल केन्द्र)
25	नैनीताल	नैनीताल	25	01	श0मे0रा0अ0रा0इ0का0 नैनीताल (नोडल केन्द्र)
26		हल्द्वानी	26	01	एम0जी0 इ0का0 हल्द्वानी, नैनीताल (नोडल केन्द्र)
27		रामनगर	27	01	रा0इ0का0 रामनगर, नैनीताल (नोडल केन्द्र)
28	उधमसिंह नगर	रूद्रपुर	28	01	जनता इ0का0 रूद्रपुर, उ0सि0न0 (नोडल केन्द्र)
29		काशीपुर	29	01	रा0बा0इ0का0 काशीपुर, उ0सि0न0 (नोडल केन्द्र)

(सी0पी0 रतूड़ी)
उप सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)।

(डॉ0 नीता तिवारी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)।